तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

10 जिला अस्पताल में एक माह में किए गए मोतियाबिंद के 34 ऑपरेशन



11 साय सरकार विकास के प्रति वचनबद्ध : केदार



## खबर संक्षेप

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राजीव ने बाजी मारी



**भानुप्रतापपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिले के छात्र राजीव उइके पिता रामकृष्ण उइके ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद द्वारा गायत्री चेतना केंद्र सरोना में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सफलता न केवल छात्र के लिए बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 59 यशवंत नगर निवासी 18 वर्षीय पियूष दास पिता विश्वजीत ने 2 अप्रैल को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिसस उसका मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### शराब पीने की सुविधा दी, दुकानदार पकड़ाया



**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 53 आनंदनगर में दुकान के सामने शराब पीने के लिए अवैध रूप से सुविधा देने वाले आरोपी पीव्ही 53 आनंदनगर निवासी 51 वर्षीय रामकृष्ण देवनाथ पिता स्व. वासुदेव को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रामकृष्ण देवनाथ 2 अप्रैल को अपने किराना दुकान के सामने अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए कुछ व्यक्ति को बैठाकर शराब पीला रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जमीन बंटवारे को लेकर बहू से मारपीट, पुलिस में मामला दर्ज

**कांकेर।** अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ऊपरपारा में एक बार फिर पारिवारिक विवाद ने खतरनाक मोड़ ले लिया, जहां जमीन बंटवारे की बात ने रिश्तों को इस कदर झकझोर दिया कि मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी तक जा पहुंचा। जानकारी के अनुसार ऊपरपारा अंतागढ़ निवासी 27 वर्षीय नूतन सोनी, जो सिलाई का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है, ने थाना अंतागढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 31 मार्च की सुबह करीब 9 बजे उसकी सास सकून सोनी और देवर विकास सोनी के साथ जमीन बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए न केवल उसे अपमानित किया, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार विवाद के दौरान उसके साथ झूमा-झटकी की गई। बाल खींचे गए और थप्पड़ों से मारपीट की गई, जिससे उसके दाहिने हाथ, सिर और दोनों गालों में चोटें आई हैं। पीड़िता का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, बल्कि सास और देवर द्वारा आए दिन इस तरह के विवाद, मारपीट और धमकियां दी जाती हैं, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान हो चुकी है। पीड़िता अपनी छोटी बेटी के साथ रह रही है और खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी सकून सोनी और विकास सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296 और 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नशीली सिरप के कांकेर में बिक्री का भंडा फूटा, तीन गिरफ्तार, बेचता था धमतरी से लाकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस ने धमतरी के मेडिकल संचालक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने न केवल नशीली सिरप की अवैध बिक्री का खुलासा किया, बल्कि इसकी आपूर्ति श्रृंखला पर भी करारा प्रहार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को 1 अप्रैल को मुखबिर से जानकारी मिली कि नया गोविंदपुर मैदान में दो युवक प्रतिबंधित नशीली सिरप बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। जानकारी मिलते ही विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी किया, जहां संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन तत्परता से उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम हर्ष कदम पिता प्रदीप राव कदम उम्र 27 वर्ष निवासी गोविन्दपुर और आकाश कुमार गजभिये पिता स्व. विजयकांत उम्र 33 वर्ष निवासी उदयनगर बताया।

तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से कुल 6 नग नशीली सिरप और मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि वे यह सिरप धमतरी से लाकर कांकेर में युवाओ को बचेने का काम करते थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 22 और 29 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

**गोविंदपुर मैदान पर पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपियों को किया गिरफ्तार**



हर्ष कदम | आकाश गजबिए | मनिष सिंह राठौर



### धमतरी का दुकानदार पकड़ाया, दुकान सील

आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस ने धमतरी के आमातालाब रोड स्थित सुश्रुता फार्मेसी में छापा मारा, जहां मेडिकल संचालक मनीष सिंह राठौर पिता कमलेश सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी आमातालाब धमतरी को बिना डॉक्टर पर्ची के प्रतिबंधित सिरप बेचते रंगे हाथों पकड़ा गया। उसके पास से 9 नग नशीली सिरप और एक मोबाइल जब्त किया गया। मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर और कार्यपालिक दंडाधिकारी की मौजूदगी में मेडिकल दुकान को सील कर दिया गया।

## बीएसएफ बम निरोधक दस्ते की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

# जंगल में बिछी मौत की साजिश नाकाम दस किलो का आईईडी किया डिफ्यूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र के घने जंगलों में नक्सलियों की साजिश को सुरक्षाबलों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने नाकाम कर दिया। जंगल-पहाड़ी इलाके में पहले से छिपाकर रखे गए खतरनाक आईईडी को समय रहते खोजकर निष्क्रिय कर दिया गया, जिससे एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हुई है।

- मुरूसुलनापा के जंगलों में पुलिस-बीएसएफ की संयुक्त कार्वाई

कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा से लगे संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रहे सुरक्षाबलों को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। ग्राम मुरूसुलनापा के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए दो प्रेशर कुकर आईईडी को खोज निकाला। यह आईईडी अत्यंत खतरनाक थे और प्रत्येक का वजन लगभग 5-5 किलोग्राम था। इस तरह कुल मिलाकर करीब 10 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री से लैस यह जाल किसी के लिए नुकसान देय साबित हो सकते थे। नक्सलियों के समर्पण कर दिए जाने से अब ग्रामीण व आमजन बेखौफ होकर जंगल की ओर जा रहे है। समय रहते इन्हें निष्क्रिय नहीं किया जाता, तो सुरक्षाबलों या आम नागरिकों को भारी नुकसान हो सकता था। यह पूरी कार्रवाई जिला पुलिस और बीएसएफ के संयुक्त दल द्वारा की गई। दोनों बलों की टीम लगातार इस क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर नजर रखते हुए सघन सर्च ऑपरेशन चला रही है। अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है, जिसमें बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, बीएसएफ और जिला पुलिस के अधिकारियों की रणनीतिक निगरानी शामिल है।

### दोनों आईईडी को किया डिफ्यूज

सर्च ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध गतिविधियों और संभावित खतरे को भांपते हुए सुरक्षाबलों ने इलाके की गहन तलाशी ले रहे है। इसी दौरान जंगल के भीतर छिपाकर रखे गए दो प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किए गए। आईईडी मिलने की सूचना मिलते ही तुरंत बीएसएफ के बम निरोधक दस्ता को मौके पर बुलाया गया। विशेषज्ञ टीम ने मौके पर पहुंचकर अत्यंत सावधानी और पेशेवर तरीके से दोनों आईईडी को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। बम निरोधक दस्ते ने अपने विशेष उपकरणों और तकनीक का उपयोग करते हुए दोनों आईईडी को सफलतापूर्वक डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया।



### स्थानीय लोगों का बढ़ा विश्वास

सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में भी सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ा है। लगातार चल रहे ऑपरेशन और रणनीतिक निगरानी के कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ रही है। इस सफल कार्रवाई से न केवल एक बड़ी साजिश विफल हुई, बल्कि क्षेत्र में रह रहे ग्रामीणों और सुरक्षाबलों की जान भी सुरक्षित रही।

### अभियान लगातार चलता रहेगा

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा का कहना है कि जिले के संवेदनशील इलाको में इस तरह का गश्त अभियान लगातार जारी रहेगा। नक्सलियों के समर्पण करने के उपरांत उनके डंप की तलाश की जा रही है। सुरक्षाबल हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# घरेलू विवाद को शांत कराने पहुंचे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**कांकेर।** परतापुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां जीजा ने मामूली घरेलू विवाद के दौरान अपने ही साले पर जानलेवा हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार मामला सड़कपारा परतापुर का है, जहां 30 वर्षीय मानसिंह आंचला अपने घर में टीवी देख रहा था। उसी दौरान उसकी बहन मंगो और जीजा मनकूराम गावडे जो मूलतः नारायणपुर के रहने वाले हैं और पिछले कुछ समय से वहीं रह रहे थे, के बीच किसी घरेलू बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। 31 मार्च की रात करीब 8 बजे विवाद इतना बढ़ गया कि झगड़े की आवाज सुनकर मानसिंह बीच-बचाव के लिए पहुंचा। मानसिंह द्वारा समझाइश देने पर आरोपी मनकूराम अचानक भड़क उठा। गुस्से में आकर उसने मानसिंह को धमकाते हुए कहा कि तुम कौन होते हो हमारे बीच आने वाले, तुझे जान से मार दूंगा। इसके बाद आरोपी ने पास में रखे चाकू जैसे धारदार हथियार से मानसिंह की बाईं पसली पर जोरदार वार कर दिया। हमले के बाद भी मानसिंह ने हिम्मत नहीं हारी और आरोपी को धक्का देकर खुद को बचाया। इस दौरान उसकी बहन ने भी बीच-बचाव किया। गंभीर रूप से घायल मानसिंह खून से लथपथ हालत में घर से बाहर निकला और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत परतापुर थाना लाया गया, जहां से पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए उसे सिविल अस्पताल पखांजूर भेजा।

घटना की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी मनकूराम गावडे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 118(1) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# पीएम आवास व अधूरे निर्माण कार्यों को 30 तक पूरे करने सीईओ ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में जनपद पंचायत के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार बंजारे ने की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत पिछले 4 से 5 वर्षों से लंबित निर्माण कार्यों की प्रगति पर गंभीर चर्चा की गई। सीईओ ने सभी ग्राम पंचायतों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी अपूर्ण कार्यों को हर हाल में 30 अप्रैल 2026 तक पूर्ण किया जाए। विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों को अप्रैल माह के लिए विशेष लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सख्ती से निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में आगामी सुशासन त्योहार को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। सीईओ ने स्पष्ट किया कि इस अवधि में किसी भी कर्मचारी को अवकाश नहीं दिया जाएगा, जिससे जनसमस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की बाधा न ▶▶| शेष पेज 10 पर

# महावीर एवं हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**भानुप्रतापपुर।** महावीर जन्मोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जीव दया और सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटना चारा एवं पक्षियों के लिए पानी के सकोरे वितरित किए गए। यह सेवा कार्य प्रदेश उपाध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ प्रदीप जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पार्षद रजिंदर कौर, व्यवसायी मोहन हर्दवानी, अनंतगोपाल कोठारी, जीवन जैन, राकेश रमानी, नरोत्तम चौहान, यश कथूरिया, सुशील आहूजा, अजय लखानी, आनंद जैन एवं प्रदीप नवलानी सहित कई नागरिक मौजूद रहे।



# 5 किलो गांज जब्त, दो आरोपी समेत एक अपचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





गांजा तस्करी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बार फिर नशे के कारोबार पर कड़ा प्रहार किया है। इस कार्रवाई में एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है।

कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम देवकोगेंरा मार्ग स्थित पुलिया के आगे दो युवक मोटरसाइकिल में अवैध रूप से गांजा लेकर बिक्री के उद्देश्य से खड़े हैं। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने थाने की टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान दोनों संदिग्धों को पकड़ा गया, जिन्होंने अपना नाम आर्यन श्रीवास्तव 22 वर्ष निवासी आतुरगांव तथा एक विधि से संघर्षरत बालक बताया। तलाशी लेने पर आर्यन श्रीवास्तव के पास से 4 किलो 930 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 96 हजार 500 रुपये आंकी गई। इसके अलावा संघर्षरत बालक के पास से 270 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत 13 हजार 500 रुपये बताई गई, जब्त किया गया। दोनो आरोपियों से 5 किलो 200 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल एवं मोबाइल जब्त कर कुल जुमला कीमत लगभग 3 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली कांकेर में अपराध क्रमांक 122/2026 के तहत धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई और न्यायालय में पेश किया गया।

## विधायक आशाराम नेताम ने वोरवेल करवाने की घोषणा की

# उदयनगर में सामुदायिक भवन का विधायक ने किया लोकार्पण, जनता को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उदय नगर वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण उत्साह और जनभागीदारी के बीच संपन्न हुआ। 30 लाख की लागत से निर्मित यह आधुनिक सांस्कृतिक भवन न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक आशाराम नेताम ने विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।



नगर पालिका परिषद कांकेर के वार्ड क्रमांक 02 उदय नगर में निर्मित इस भवन में विशाल हॉल, मंच, रूम, शौचालय तथा बाउंड्री वॉल जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह भवन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा विधायक निधि के संयुक्त प्रयास से तैयार हुआ है। वर्षों से सामुदायिक भवन के अभाव में जूझ रहे वार्डवासियों के लिए यह एक बड़ी राहत बनकर सामने आया है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जनता की जरूरतों को समझते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देना ही हमारा उद्देश्य है। यह भवन केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि जनता की सुविधा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि इस भवन की मांग पूर्व पार्षद विजयलक्ष्मी कौशिक द्वारा लंबे समय से की जा रही थी, जिसे आज पूर्ण किया गया है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र पर विधायक ने त्वरित निर्णय लेते हुए सामुदायिक भवन परिसर में नए बोरवेल के खनन की घोषणा किया। इस घोषणा से स्थानीय नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई, क्योंकि जल समस्या भी यहां एक प्रमुख मुद्दा रहा है। समापन अवसर ▶▶| शेष पेज 10 पर

# इनोवेशन महाकुंभ 1.0 को पर हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा 4 एवं 5 मई को आयोजित किए जाने वाले इनोवेशन महाकुंभ 1.0 कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय, में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्तओं ने इनोवेशन महाकुंभ के उद्देश्य, स्वरूप एवं इससे मिलने वाले अवसरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित प्राध्ययापक उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### तिलक दास ने 12वीं बार किया रक्तदान, मानवता की दी मिसाल



**कोण्डागांव।** जिला चिकित्सालय में तिलक दास मानिकपुरी ने सनमती मरकाम के लिए रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। यह रक्तदान वीर गुंडाधुर रक्तदाता समिति के संस्थापक एवं जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में किया गया। श्री मानिकपुरी अब तक 12 बार रक्तदान कर चुके हैं। लगातार समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर समिति के सदस्य देवेंद्र सेठिया, खिलेंद्र नेगी एवं सोनू सोरी उपस्थित रहे। समिति के माध्यम से अब तक 1500 यूनिट से अधिक रक्तदान किया जा चुका है, जिसमें सदस्य निःस्वार्थ भाव से सहयोग कर रहे हैं। समिति ने आम लोगों से अपील की है कि वे भी आगे आकर रक्तदान करें और जरूरतमंदों की मदद में अपना योगदान दें।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य चेलक को भावभीनी विदाई



**कोण्डागांव।** कोंडागांव के जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य बी.डी. चेलक के मुंगेली स्थानांतरण पर सर्व अनुसूचित जाति वर्ग द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुघासीदास बाबाजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने श्री चेलक के कार्यकाल की सराहना करते हुए शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान एवं सामाजिक सक्रियता की प्रशंसा की। सभी उपस्थितजनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के पदाधिकारी एवं समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कृषि विभाग ने उर्वरक निगरानी के लिए बनाया उड़नदस्ता

**कोण्डागांव।** किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने उड़नदस्ता गठित किया है। टीम उर्वरकों की जमाखोरी, तस्करी, डायवर्सन और अधिक कीमत पर बिक्री जैसी अवैध गतिविधियों पर नजर रखेगी। सहायक संचालक कृषि दीपक कुमार शर्मा को टीम का नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि अन्य अधिकारियों को सहायक जिम्मेदारी सौंपी गई है। उड़नदस्ता टीम द्वारा प्राप्त शिकायतों और गोपनीय सूचनाओं पर तत्काल जांच कर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस पहल से किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध होगा और खेती कार्य प्रभावित नहीं होगा।

# जिला अस्पताल में एक माह में किए गए मोतियाबिंद के 34 ऑपरेशन

**शहर में सुविधा मिलने से मरीजों को बड़ी राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होने से जिले के मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। पहले कैटरेक्ट ऑपरेशन के लिए मरीजों को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। वहीं अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलने से समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है। मार्च माह तक अस्पताल में कुल 34 मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं।

जिला अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुषा सिंह के अनुसार अब तक किए गए सभी ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहे हैं। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों की स्थिति सामान्य रही और किसी भी प्रकार की जटिलता सामने नहीं आई है, जो अस्पताल की बेहतर चिकित्सा व्यवस्था और विशेषज्ञता को दर्शाता है।




**गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार किए जा रहे काम**

इस महत्वपूर्ण पहल को सफल बनाने में जिला प्रशासन की सक्रिय भूमिका रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक असर अब देखने को मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज मिलने से आमजन का स्वास्थ्य व्यवस्था पर विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

**सभी दिन किए जाते हैं आपरेशन**

*अस्पताल में सप्ताह के सभी दिनों में ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे मरीजों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता। इस सुविधा से मरीजों और उनके परिजनों में संतोष और खुशी का माहौल है। विशेष रूप से अबूझमाड़ जैसे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है, जिन्हें पहले इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी।*

**हादसा : बाइक चालक गंभीर, एक अन्य साइकिल सवार लापता**

# एनएच में रफ्तार का कहर: ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ नेशनल हाईवे पर थम नहीं रहे हादसे

नेशनल हाईवे-30 पर शुक्रवार तड़के एक बार फिर तेज रफ्तार का खतरनाक रूप देखने को मिला। सुबह करीब 4 बजे एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार और दो साइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है।

यह दर्दनाक हादसा फरसगांव थाना क्षेत्र के चिचाड़ी और मांझीआटगांव के बीच हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चालक रामजी मरकाम (38 वर्ष), निवासी चीचाड़ी डुरकीपारा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद एक अन्य साइकिल सवार मौके से लापता हो गया, जिसकी तलाश जारी है। घायल को तत्काल फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। मृतक साइकिल सवार की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में रखवा दिया है और परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल फरसगांव पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।



**तेज रफ्तार की वजह से हो रहे हादसे**

*नेशनल हाईवे पर हादसे थम नहीं रहे हैं। तेज रफ्तार के कारण रोज ही लोगों की जान जा रही है। हाईवे पर पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लगाई जा रही है। कई बार नशा भी हादसे का कारण बन रहा है।*

**गायब की तलाश जा रही**

*सड़क दुर्घटना में एक की मौत और एक के घायल होने की बातें सामने आ रही है। हादसे के बाद से एक साइकिल सवार लापता बताया जा रहा है। पुलिस गायब व्यक्ति की तलाश में जुटी है। मृत साइकिल सवार की शिनाख्त भी नहीं हो पाई है। पुलिस ने पंचनामा, मर्ग कायम कर विवेचना आरंभ कर दी है।*

**बदलते बस्तर की नई तस्वीर**

## किसान रसन ने तोड़ी काली मिर्च की अपनी पहली फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



बस्तर अंचल में आत्मनिर्भरता की नई कहानी सामने आई है, जहां कोंडागांव के एक युवा आदिवासी किसान रसन लाल कोर्राम ने अपनी पहली काली मिर्च ब्लैक गोल्ड की फसल तैयार कर सफलता की मिसाल पेश की है। यह पहल न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूरे क्षेत्र में आर्थिक बदलाव का संकेत भी दे रही है।

रसन लाल को कुछ वर्ष पूर्व 'मां दंतेश्वरी हर्बल समूह' द्वारा विकसित उन्नत किस्म एमडीबीपी–16 के पौधे निशुल्क दिए गए थे। उन्होंने अपने घर के पीछे मौजूद साल सरगी के पेड़ों के सहारे इन पौधों को लगाया। शुरुआती कठिनाइयों के बावजूद अब पौधों ने फल देना शुरू कर दिया है। रसन लाल ने अपनी पहली उपज करीब 7 किलो काली मिर्च समूह को सौंपी, जहां उन्हें तुरंत नगद भुगतान मिला। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और वे अब बड़े स्तर पर खेती की तैयारी कर रहे हैं।

**औषधीय खेती की ओर बढ़ते कदम**

काली मिर्च की सफलता के बाद रसन लाल आगामी मानसून में अश्वगंधा, केवांच जैसी औषधीय फसलों की खेती भी शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिससे उनकी आय के नए स्रोत खुलेंगे। पिछले 10 वर्षों में 25 हजार काली मिर्च पौधे निशुल्क वितरित कई गांवों में पहले से सफल उत्पादन फसल की तत्काल खरीदी और नकद भुगतान किया जा रहा है। डॉ. राजाराम त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान के तहत आदिवासी किसानों को न केवल पौधे दिए जा रहे हैं, बल्कि प्रशिक्षण, उत्पादन और विपणन की पूरी व्यवस्था भी की जा रही है। माकड़ी, कोंडागांव और जगदलपुर के कई गांवों में किसान अब सफलतापूर्वक काली मिर्च की खेती कर रहे हैं।

**स्थानीय युवाओं का अहम योगदान**

*इस अभियान को सफल बनाने में शंकर नाग, कृष्णा नेताम, सोमन बघेल, घनश्याम नाग जैसे युवाओं की सक्रिय भूमिका है। जिन्हें समूह के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन मिल रहा है।*

## केसकाल में धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल।

नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को सुबह 9 बजे से नगर में स्थित हनुमान मंदिर में हवन पूजन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी जैसे खीर पूड़ी, शरबत, राम खिचड़ी, की व्यवस्था की गई थी । शाम होते ही भक्तजनों का आना हनुमान मंदिर के पास शुरू हो गया। डीजे के साथ हनुमान भगवान की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बस स्टैंड से शोभायात्रा सूरडोंगर टाटा मारी चौक तक पहुंची। टाटा मारी चौक से वापस बोरगांव तक शोभायात्रा मेन रोड होते हुए पहुंची। शोभा यात्रा को देखने के लिए श्रद्धालुजन रोड पर पहले से ही खड़े नजर आए। शोभायात्रा में शामिल होने केशकाल के आसपास के ग्रामों से भी लोग पहुंचे।

**सुरक्षा के रहे तगड़े इंतजाम**

शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी। केशकाल पुलिस बल के अलावा कोंडागांव जिले के रिजर्व बल को भी केशकाल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर चौक चौराहों पर लगाया गया था। प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर केशकाल में शोभायात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष की शोभायात्रा में नगर एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में भक्तजन शामिल हुए।

## व्हाट्सएप ग्रुप में आपत्तिजनक फोटो और मैसेज वायरल करने का सनसनीखेज मामला उजागर

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने महिला की फोटो एडिट कर उसे बदनाम करने की साजिश रची। पुलिस की तत्परता और साइबर सेल की तकनीकी जांच से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़िता ने 1 अप्रैल को थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराई कि 31 मार्च की रात करीब 9:30 बजे एक अज्ञात नंबर से ग्राम पंचायत टिकरापारा नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। इस ग्रुप में उसके ससुराल पक्ष के लोगों को जोड़कर उसकी फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक रूप में वायरल किया गया। साथ ही अशोभनीय मैसेज भी साझा किए गए, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और साइबर सेल की मदद से तकनीकी जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपी की पहचान धमतरी जिला के भखारा थानांतर्गत ग्राम सिरवे निवासी 24 वर्षीय प्रवीण कुमार निर्मलकर के रूप में हुई। पूछताछ में



आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया कि उसने जानबूझकर महिला को बदनाम करने के उद्देश्य से फोटो एडिट कर वायरल किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 79, 238 बीएनएस और आईटी एक्ट की धारा 67 (ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को 3 अप्रैल देर रात गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना चारामा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अहम भूमिका निभाई। टीम में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक यशवंत श्याम, उप निरीक्षक रनेश सेठिया, सहायक उप निरीक्षक टीकम सोने सहित अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## मूट कोर्ट से निखरेगी कानूनी समझ, काकतीय कॉलेज में विधि छात्रों को मिला व्यावहारिक मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ अदालती प्रक्रिया का मिला वास्तविक अनुभव, तर्क और अभिव्यक्ति कौशल पर जोर

■ काल्पनिक मामलों के जरिए छात्रों ने निभाई वकील,न्यायाधीश और गवाह की भूमिका

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि विभाग द्वारा एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए मूट कोर्ट की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को अदालती कार्यवाही, कानूनी बहस और न्यायिक प्रक्रियाओं की व्यवहारिक जानकारी देना है,जिससे वे भविष्य में एक सक्षम अधिवक्ता के रूप में उभर सकें। मूट कोर्ट के माध्यम से छात्रों को वास्तविक अदालत जैसा माहौल प्रदान किया जा रहा है,जहां वे दीवानी और आपराधिक मामलों पर आधारित काल्पनिक प्रकरणों में भाग लेकर अपनी समझ को परख रहे हैं। इस अभ्यास से न केवल उनके कानूनी ज्ञान में वृद्धि हो रही है,बल्कि तार्किक क्षमता,विश्लेषण और आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने वादी और प्रतिवादी दोनों पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हुए अधिवक्ता,न्यायाधीश और गवाह की भूमिका निभाई। इस दौरान साक्ष्यों की प्रस्तुति,जिरह, तर्क-वितर्क और न्यायिक निर्णय की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसने पूरे आयोजन को शिक्षाप्रद बना दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के अभ्यास छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखते,बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों के लिए भी तैयार करते हैं। मूट कोर्ट के प्रथम प्रकरण में साइकिल चोरी के मिथ्या आरोप से जुड़े एक काल्पनिक मामले की सुनवाई प्रस्तुत की गई,जिसमें छात्रों ने प्रभावी तर्क रखकर सभी को प्रभावित किया। यह पहल विधि शिक्षा को अधिक कौशल आधारित और रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। विभागाध्यक्ष डॉ मोहन सोलंकी,प्रो नरेंद्र साहू,चंद्र प्रभा कौसरे, डॉ एच गौतम, डॉ एस ठाकुर सहित अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



**मूट कोर्ट से मिलेंगे ये प्रमुख लाभ**

मूट कोर्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को न्यायालयीन कार्रवाई का वास्तविक अनुभव मिलता है, जिससे उनकी तर्कशक्ति, अभिव्यक्ति और विश्लेषण क्षमता का विकास होता है। यह अभ्यास उन्हें कानून की बारीकियों को समझने, साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग,जिरह की कला और न्यायिक निर्णय प्रक्रिया से परिचित कराता है। लगातार अभ्यास से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे पेशेवर जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर रूप से तैयार हो पाते हैं।

**भाजपा युवा मोर्चा ने जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल**

# कोंडागांव में पूर्व विधायक मंगलराम की 91 वीं जयंती पर किया सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ पार्टी के जिले में नींव रखने वालों में थे अग्रणी नेता

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कोंडागांव के पूर्व विधायक मंगलराम उसेंडी की 91वीं जयंती सेवा भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर उनके प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मंगलराम उसेंडी कोंडागांव में भाजपा की मजबूत नींव रखने वाले अग्रणी नेता थे। वे उन पहले जनप्रतिनिधियों में से थे। जिन्होंने कोंडागांव को जिला बनाने की मांग उठाई। उनके इस सपने को उनकी पुत्री एवं वर्तमान विधायक लता उसेंडी के नेतृत्व में साकार किया गया। जयंती के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस सेवा कार्य को लोगों ने सराहा।



**जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, मनोज जैन, जैनेंद्र ठाकुर, अश्वनी पांडे, कुलवंत चहल, नागेश देवांगन, बंटी नाग, ललित देवांगन, ईना श्रीवास्तव, राजेश अग्रवाल, सोनामणि पोयाम, अविनाश सोरी, देवेंद्र मौर्य, शीतल पटेल, टिंकू साहू, गोविंद रामटेके, संदीप सोरी, मयंक भोसले सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से मंगलराम उसेंडी के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। जयंती का यह आयोजन सेवा, समर्पण और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना।

## छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने अमर जवानों को श्रद्धांजलि



**भानुप्रतापपुर।** गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लिए गए नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प के पश्चात प्रदेश में शांति और विकास की नई आशा का संचार हुआ है। यह संकल्प अब जन-जन के विश्वास में बदलता नजर आ रहा है।

इसी क्रम में 2 अप्रैल को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा बस्तर क्षेत्र में नक्सल हिंसा के कारण शहीद हुए वीर जवानों एवं निर्दोष नागरिकों की पावन स्मृति में दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह दीप केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, समृद्ध एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की ओर बढ़ते संकल्प का प्रतीक भी है। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष डीकेश साहू ने कहा कि वर्षों से बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद की हिंसा से प्रभावित रहा है, जिससे अनेक सुरक्षाकर्मी, ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। आज नक्सल मुक्त बस्तर की दिशा में बढ़ते कदम हम सभी के लिए गर्व और संतोष का विषय हैं। इस गौरवशाली अवसर पर भाजयुमो समस्त शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, भाजयुमो हिमांशु ठाकुर, कनिष्का राजपूत, मंडल महामंत्री प्रेम शर्मा, मंडल महामंत्री महिला मोर्चा शकुंतला यादव, मंडल उपाध्यक्ष छत्रपाल यदु, गौरव श्रीवास्तव, मंत्री शैलेश ठाकुर, अंकुर शुक्ला, गौरव शर्मा, राहुल साहू, कनक राजपूत, भक्तेश्वर सिन्हा, शुभम सिंह, तामेश्वर साहू, अंकुर दास, सुभाष कोठारी, रोहित विश्वकर्मा, गणेश आंचला, कन्हैया पटेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पेज 9 के शेष**

### पीएम आवास व अधूरे...

आए। उन्होंने सभी पंचायतों को निर्देशित किया कि सुशासन त्योहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के पंजीयन हेतु अलग से रजिस्टर तैयार किए जाएं और प्रतिदिन पंजीयन सुनिश्चित किया जाए और साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि सभी पंचायतों से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए, जिससे कार्यों की सतत निगरानी की जा सके। बैठक के अंत में सीईओ ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा में सभी योजनाओं को पूर्ण करने की अपील की, ताकि क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिल सके। इस समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, कारोपण अधिकारी आरके किशोरे, मनरेगा अधिकारी आशीष सोनकर, तकनीकी सहायक अंकुर बघेल, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास देवकुमारी परिहार, जय कश्यप तथा हलधर नेगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### उदयनगर में सामुदायिक...

पर पार्षद चंद्रलोक सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह भवन आने वाले समय में क्षेत्र के विकास का केंद्र बनेगा। आयोजित कार्यक्रम में मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राजीव लोचन सिंह, दिलीप जायसवाल, देवेन्द्र सिंह भाऊ, शिव श्रीवास्तव एवं मुहल्लेवासी उपस्थित रहे।

# साय सरकार विकास के प्रति वचनबद्ध : केदार

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

कौन कहता है कि आसमान में छेद नहीं होता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो। जी हां ऐसा ही कुछ इन दिनों सुकमा जिले में देखने को मिल रहा है। कभी नक्सल भय और पेयजल संकट से जूझता सुकमा जिले का दूरस्थ ग्राम लखापाल आज विकास की नई कहानी लिख रहा है।

जिले के सैकड़ों ग्राम जो विकास से वंचित थे अब उस अंधेरे को रोशनी देने का

■ नक्सलगढ़ रहे गांवों में हर घर पहुंचा नल जल, ग्रामीणों के खिले चेहरे

कार्य शासन, प्रशासन ने उठाया है। चिंतलनार के पास स्थित लखापाल में वर्षों तक जहां ग्रामीणों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। यह बदलाव केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन और छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्लानार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व और कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड के घोर नक्सल प्रभावित ग्राम लखापाल में विकास की वह रोशनी पहुंची है, जिसकी यहां वर्षों से प्रतीक्षा थी। जिला मुख्यालय सुकमा से लगभग 88 किलोमीटर दूर स्थित लखापाल गांव लंबे समय तक नक्सल समस्या और पेयजल संकट की दोहरी मार झेलता रहा।

गांव के 117 परिवार पानी के लिए बोरिंग, कुएं और एक छोटे नाले पर निर्भर थे। गर्मी के दिनों में जलस्तर इतना नीचे चला जाता था कि ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था। महिलाओं और बच्चों को कई बार दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था। समय और मेहनत के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी लगातार बना रहता था। लखापाल में 72 लाख की इस योजना ने गांव का भविष्य ही बदल दिया है। सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता विनोद कुमार राम ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत लखापाल में 72.01 लाख रुपये की लागत से 4 सोलर पंप टंकी स्थापित की गई। इसके माध्यम से गांव में 117 घरेलू नल कनेक्शन दिए गए। गांव की कुल जनसंख्या 465 है, और अब हर परिवार को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

## ग्रामीणों ने जताया प्रशासन के प्रति आभार

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। घर में नल से पानी मिल रहा है, जिससे जीवन आसान, सुरक्षित और सम्मानजनक हुआ है।

## मूलभूत सुविधाओं के साथ पहुंचेगी विकास की रोशनी : कलेक्टर

### लखापाल बना उदाहरण, विकास हर कोने तक पहुंच रहा : केदार



लखापाल में विकास और जल जीवन मिशन की सफलता व ग्रामीणों के चेहरे पर आई मुस्कान पर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार विकास के प्रति वचनबद्ध है। घोर नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले लखापाल में हर घर जल ने साबित कर दिया है कि जब सरकार की योजनाएं ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ जमीन पर उतरती हैं, तो नक्सल प्रभावित और दूरस्थ क्षेत्रों में भी विकास की नई रोशनी पहुंचती है। उन्होंने कहा कि लखापाल गांव केवल पानी की सुविधा नहीं पा रहा बल्कि वह भय से मुक्त होकर आत्मनिर्भरता और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।



### प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाओं का होगा विस्तार



कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम लखापाल जैसे दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना प्रशासन की बड़ी उपलब्धि है। इससे ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाकर विकास की रोशनी हर क्षेत्र तक पहुंचाई जाएगी।

### राहत ही नहीं बल्कि नए जीवन की उम्मीद

महिलाओं की आंखों में राहत, चेहरे पर मुस्कान इन दिनों विकास की नई इबारत लिख रही हैं। गांव की महिला श्रीमती लखे तेलाम भावुक होकर बताती हैं कि पहले पानी के लिए बहुत परेशानी होती थी। नाले और बोरिंग से पानी लाना पड़ता था। कई बार मौसमी बीमारी हो जाती थी। महुआ बीनकर लौटने के बाद पानी लेने जाना बहुत मुश्किल होता था। अब नल से घर में ही दिनभर पानी मिलता है। हम बहुत खुश हैं। शासन की योजना बहुत अच्छी है। उनकी बातों में केवल राहत नहीं, बल्कि एक नए जीवन की उम्मीद झलकती है।

### जहां डर के साये से जीते थे, अब विकास की राह

गांव के निवासी तेलाम बुधु बताते हैं कि पहले लखापाल में भय का माहौल था। हमारा गांव पहले नक्सल समस्या से प्रभावित था। लोग ख़ौफ़ में जीते थे। बिजली, पानी और सड़क की समस्या थी। गांव में पहले नक्सलियों की मीटिंग होती थी। गांव वालों से पैसा और चावल-दाल जमा कराया जाता था। लेकिन अब बदलाव आ गया है। अब पंचायत की मीटिंग ग्राम विकास के लिए होती है। बिजली, पानी, राशन और सड़क की सुविधा मिल रही है।" उनके शब्द साफ कहते हैं अब गांव में डर नहीं, विकास की चर्चा होती है।

### जीवन शैली में आया बदलाव

लखापाल में जहां स्वच्छ जल से स्वास्थ्य में सुधार, बीमारी में कमी आई है तो दूसरी ओर जल जीवन मिशन के लागू होने के बाद लखापाल में सिर्फ पानी की सुविधा नहीं आई, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन देखने को मिला। अब जल जनित बीमारियों में कमी आई है और स्वच्छ पेयजल के कारण ग्रामीणों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आया है।

### अब सब्जी-बाड़ी से आत्मनिर्भरता की ओर गांव

नल जल योजना से पानी मिलने के बाद ग्रामीणों ने खेती और बाड़ी की ओर कदम बढ़ाया है। अब गांव के लोग अपने घर के आसपास टमाटर, मिर्ची, बरबट्टी, सेमी और खट्टा भाजी उगा रहे हैं। इससे न केवल घर में सब्जी की व्यवस्था हो रही है, बल्कि बाजार से सब्जी खरीदने का खर्च भी बच रहा है।

## खबर संक्षेप

### मुर्गी से भरा तेज रफ्तार पिकअप एनएच-30 में पलटा



घाटलोहंगा। बस्तर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा स्थित बस्तर हाट साइस पार्क के गेट के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मुर्गियों से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिकअप में भरी आधे से अधिक मुर्गियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एवी 3350 में मुर्गियां भरकर धमतरी से ओडिशा के कोरापुट की ओर ले जाई जा रही थीं। इसी दौरान घाटलोहंगा के पास बस्तर हाट साइस पार्क के गेट के समीप वाहन चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे पिकअप सड़क किनारे के साइड में जाकर पलट गया। हादसे में वाहन चालक और हेल्पर सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हालांकि पिकअप में भरी बड़ी संख्या में मुर्गियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। इस दुर्घटना से वाहन मालिक को काफी आर्थिक नुकसान होने की बात कही जा रही है।

### मजबूत नेतृत्व और रणनीति से नक्सलवाद पर नियंत्रण

गीदम। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में प्राप्त ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारत एक निर्णायक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।



एक समय देश का लगभग 70 प्रतिशत भू-भाग नक्सल प्रभाव से प्रभावित था, जिसे रेड कॉरिडोर के नाम से जाना जाता था। इस क्षेत्र में शासन की पहुंच सीमित थी और हिंसा का गहरा प्रभाव था, जिससे करोड़ों नागरिक प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि 1967 में शुरू हुआ नक्सलवाद दशकों तक देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बना रहा। इस हिंसक आंदोलन में 20,000 से अधिक लोगों की जान गई तथा हजारों सुरक्षा बलों के जवानों ने बलिदान दिया। यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं था, बल्कि एक संगठित वैचारिक चुनौती थी, जिसने देश की स्थिरता और विकास को बाधित किया।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिली मजबूती 6 नई 108 एंबुलेंस रवाना



दंतेवाड़ा। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दंतेवाड़ा को 6 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस प्रदान की गई है। इन एंबुलेंसों को दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न विकासखंडों के लिए रवाना किया। नई एंबुलेंस सेवाओं के शुरू होने से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित सहायता मिल पाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ. अभय तोमर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी, अंकित सिंह सहित एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हनुमान प्रकटोत्सव पर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड

चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान श्री हनुमान के प्रकटोत्सव को लेकर मद्देड क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखा गया। 2 अप्रैल को प्रातः 5:30 बजे से श्रीराम मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान हनुमान को सिंदूर चढ़ावा अर्पित कर पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया।

इसके पश्चात श्रीराम मंदिर सेवा समिति मद्देड श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें पुड़ी-सब्जी, बूंदी लड्डू एवं पुलीहारा का विशेष प्रसाद शामिल है। इस पुनीत कार्य में परमानंद भट्टड़ एवं उनके परिवार द्वारा पुड़ी-सब्जी, वेंकट कृष्णा द्वारा बूंदी लड्डू तथा ओढ़ी घनश्याम द्वारा पुलीहारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। श्रीराम मंदिर सेवा समिति मद्देड ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इसी प्रकार उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन में भाग लें और पुण्य लाभ अर्जित करें। समिति द्वारा सभी सहयोगियों एवं दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रभु सीताराम एवं भगवान हनुमान से सभी के सुख-समृद्धि और मंगल जीवन की कामना की गई है।

### भक्तजनों ने किया सुंदर पाठ...



भानपुरी। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर भानपुरी में हनुमान मंदिर परिसर में भक्तजनों ने सुंदर पाठ किया।

# मावली माता मंदिर में हुआ 5 दिवसीय मेला जात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छिंदगढ़ की मूसरिया माता मंदिर परिसर में धूमधाम से पांच दिवसीय मेला का आयोजन संपन्न हुआ। छिंदगढ़ के मुसरिया माता मंदिर में विगत कई वर्षों से मेला एवं माता के जात्रा का कार्यक्रम संपन्न होता आ रहा है। जिसे संपन्न कराने विशेष रूप से सुकमा जमींदार परिवार के सदस्य किरण सिंह देव एवं उनका परिवार शामिल होता आ रहा है। इस वर्ष भाजपा के संगठन के कार्यक्रम के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव संगठनात्मक दौरे पर किन्हीं और क्षेत्र में व्यस्त रहने के कारण उनकी गैर मौजूदगी में सुकमा जमींदार परिवार के करीबी भाजपा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान ने माता मंदिर में जात्रा का कार्यक्रम संपन्न कराया। छिंदगढ़ मुख्यालय में पिछले पांच दिन से मेला व जात्रा का आयोजन हो रहा है। इसमें दो दिन पूर्व मावली माता के मंदिर में पूजा विधान के पश्चात आज मां मूसरिया माता व दुरगुता माता का पूजा जात्रा विधान रहा। सुकमा जमींदार परिवार के करीबी विश्वराज सिंह चौहान जरूरी सामग्री के साथ पूजा विधान संपन्न कराया एवं छिंदगढ़ के साथ-साथ सुकमा जिले के क्षेत्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नक्सल दहशत से मुक्त हुआ केरलापेंदा जय श्रीराम के घोष के साथ हुआ भंडारा





सुकमा। जिले के केरलापेंदा स्थित ऐतिहासिक राम मंदिर प्रांगण में शांति और सुरक्षा की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में श्री हनुमंत भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन बस्तर सहित छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद के समापन के संकल्प की पूर्ति पर आयोजित हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में नई उम्मीद, विश्वास और उत्साह का संचार किया। वर्षों तक भय और हिंसा के साये में जीने वाले ग्रामीणों के लिए यह क्षण गौरव और भावुकता से भरा रहा। 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इस भंडारे में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। विशेष बात यह रही कि लगभग 70 वर्ष पुराना यह राम मंदिर लंबे समय तक नक्सल दबाव के कारण बंद पड़ा रहा था, जो बस्तर में सुरक्षा स्थिति बेहतर होने के बाद दो वर्ष पूर्व पुनः प्रारंभ हुआ। आज उसी मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन यह दर्शाता है कि अब बस्तर भय नहीं, आस्था और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ चुका है। चार दशकों से अधिक समय तक नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल को गहरे घाव दिए। हजारों जानें गईं, विकास कार्य बाधित रहे और आमजन का जीवन असुरक्षा के वातावरण में गुजरता रहा। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में नक्सलवाद के अंत की दिशा में निर्णायक सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और प्रभावी रणनीति से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

# गैस संकट: लंबी कतारों में जूझते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल



जिले के कोंटा क्षेत्र में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। सरकार जहां एक ओर पर्याप्त गैस उपलब्ध होने के दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। गांव-गांव से आए सैकड़ों ग्रामीण सुबह से ही गैस

■ सरकार के दावों पर उठे गंभीर सवाल

एजेंसियों और वितरण केंद्रों के बाहर लंबी कतारों में खड़े हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें सिलेंडर नसीब नहीं हो रहा।

ताजा मामला नगर पंचायत दोरनापाल का है, जहां गैस वितरण के लिए जैसे ही वाहन बाजार स्थल पर पहुंचा, लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वाहन में सीमित संख्या में ही सिलेंडर मौजूद थे, जबकि लेने वालों की संख्या सैकड़ों में थी। इस असंतुलन ने हालात को और बिगाड़ दिया। महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चों के साथ पहुंचे ग्रामीण धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन कई लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

इस गंभीर स्थिति ने सरकार के दावों की पोल खोल दी है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता माड़वी ने इस मुद्दे को लेकर मौजूदा भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार बार-बार यह कह रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है, तो आखिर जमीनी स्तर पर यह संकट क्यों दिखाई दे रहा है, क्यों आम जनता को अपने ही हक के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है।

बबिता माड़वी ने कहा कि अगर गैस पर्याप्त मात्रा में है, तो वितरण व्यवस्था इतनी चरमराई हुई क्यों है। क्या सरकार को ग्रामीणों की परेशानियां दिखाई नहीं दे रही हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से प्रशासनिक विफलता और लापरवाही को दर्शाती है। उनके इस बयान के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश और भी बढ़ गया है। वहीं, इस पूरे मामले में गैस वितरक ने भी सच्चाई उजागर कर दी है। वितरक ने स्वीकार किया कि एजेंसी में पिछले कुछ समय से गैस सिलेंडर की सप्लाई लगातार कम आ रही है, जिसके चलते सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर देना संभव नहीं हो पा रहा है। इस स्वीकारोक्ति ने यह साफ कर दिया है कि समस्या केवल भीड़ या अव्यवस्था की नहीं, बल्कि सप्लाई सिस्टम में ही गंभीर खामी है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें रोजमर्रा के काम छोड़कर घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, फिर भी गैस नहीं मिलती। एक महिला ने बताया,सुबह से लाइन में खड़े हैं, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला। घर में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। ऐसी कई कहानियां हैं जो इस संकट की गंभीरता को बयां करती हैं।

### एकलव्य खेल परिसर का कलेक्टर ने लिया जायजा



दंतेवाड़ा। कलेक्टर दिनेश कुमार ध्रुव के द्वारा जावंगा स्थित एकलव्य खेल परिसर, निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम, स्विमिंग पुल, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले में खेल परिदृश्य को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक बुनियादी सुविधाओं विकसित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षकों एवं क्रीडा तथा शिक्षा अधिकारियों से चर्चा किया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम एकलव्य खेल परिसर का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों हेतु फिजियोथेरेपिस्ट, डायटिशियन, न्यूट्रिशन को नियुक्त करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने खेल मैदान में विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था के सुचारू संचालन तथा प्रसाधन कक्षों के निर्माण, नाली मरम्मत कार्य, के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



जिले के जनप्रिय नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा गुरुवार को कुटरू मंडल के ग्राम केतुलनार पहुंचे, जहां टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ गाजे-बाजे और पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पूर्व मंत्री महेश गागड़ा तथा द्वितीय पुरस्कार ग्राम सरपंच द्वारा रखा गया। उद्घाटन मैच केतुलनार और तुमला की टीमों के बीच खेला गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गागड़ा ने कहा कि खेलों से युवाओं में एकता, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि वे उनके समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। गागड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि तथा ग्राम पंचायत के प्रमुखजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



बीजापुर जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपने मूल कार्य के अलावा अन्य विभागों के कार्य में लगाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 6 घंटे का निर्धारित कार्य समय होने के बावजूद अन्य विभागों के कार्यों में भी लगाया जा रहा है। इससे न केवल उनका मूल कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि उन्हें मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने उल्लेख किया कि शासन द्वारा पूर्व में आदेश जारी कर स्पष्ट किया गया था कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आईसीडीएस विभाग के अलावा अन्य कार्य नहीं लिए जाएंगे। इसके बावजूद उन्हें बीएलओ ड्यूटी, सर्वे कार्य सहित अन्य जिम्मेदारियों में लगातार लगाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि छोटे बच्चों की देखभाल और पोषण जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। हाल ही में रायपुर में आयोजित बैठक में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था, जहां प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने एक स्वर में अन्य विभागों के कार्य से मुक्ति की मांग की थी। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें केवल उनके विभागीय कार्य तक सीमित रखा जाए ताकि वे पूरी जिम्मेदारी और गुणवत्ता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

# 9 संजीवनी एंबुलेंस से दूर-दराज तक पहुंचेगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



नक्सल मुक्त होने के बाद बीजापुर जिले में विकास की रफ्तार अब हर क्षेत्र में तेज होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने हेतु जिले को 9 नए संजीवनी एंबुलेंस वाहनों की सौगात मिली है, जो सुदूर और पहले से पहुंच से वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

राज्य कार्यालय से प्राप्त इन एंबुलेंसों को जिला अस्पताल बीजापुर के साथ-साथ पीएचसी पामेड़, कुटरू, आवापल्ली, फरसेगढ़ एवं सीएचसी भैरमगढ़, भोपालपटनम में तैनात किया गया है। नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने इन एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने इस पहल को नक्सल मुक्त बीजापुर के नए दौर की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब प्रशासन बिना किसी बाधा के दूरस्थ गांवों तक पहुंच बना पा रहा है। उन्होंने कहा कि ये एंबुलेंस सेवाएं ग्रामीणों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी।

प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। नक्सल प्रभाव से मुक्त होने के बाद जिन क्षेत्रों में पहले स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित थी, वहां अब तेजी से सुधार हो रहा है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की सुविधा मिलने से जनजीवन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ओमप्रकाश साहू समाज के प्रदेश संगठन सचिव बने

**चारामा।** साहू समाज में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अनुशंसा पर बस्तर संभाग के चारामा क्षेत्र के ग्राम गोलकुम्हड़ा निवासी ओमप्रकाश साहू को प्रदेश संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र सहित पूरे साहू समाज में हर्ष का माहौल है। वे प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला महासचिव जैसे दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। इसके साथ ही कांकेर जिले से अन्य प्रमुख व्यक्तियों को भी प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिला है। इनमें पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू एवं जिला साहू समाज के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन साहू शामिल हैं।

### दुर्गूकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष विजय बने



**दुर्गुकोंदल।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के संगठनात्मक विस्तार को मजबूती देते हुए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। समाज की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से विजय पटेल को दुर्गुकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि विजय पटेल के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समाज के अधिकारों, समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा और समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।

### 94 शिक्षकों की पदोन्नति सूची जारी और 106 की सूची शीघ्र

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के सतत एवं संघर्षपूर्ण प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। लंबे समय से लंबित पदोन्नति की मांग को लेकर किए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप 94 शिक्षकों की पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है और साथ ही विभाग द्वारा 106 अतिरिक्त पदों पर भी शीघ्र पदोन्नति सूची जारी करने की बात कही गई है, जिससे शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। फेडरेशन द्वारा लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाता रहा है। इसी का परिणाम है कि वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे शिक्षकों को अब राहत मिलनी शुरू हो गई है। यह निर्णय न केवल शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को भी और अधिक सुदृढ़ बनाएगा।

जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने बताया कि यह उपलब्धि संगठन के निरंतर प्रयास, एकजुटता और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन आगे भी शिक्षकों के हितों के लिए इसी प्रकार कार्य करता रहेगा। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि शेष पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। इस पदोन्नति सूची से लाभान्वित होने वाले सभी शिक्षकों में खुशी की लहर है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस निर्णय से उनके करियर में नई ऊर्जा का संचार होगा।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, येमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# मावलीपारा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में बूथों को मजबूत करने जोर

## बूथ कमेटी एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी बनाई पर मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों को मजबूत किए जाने पर बल दिया जा रहा है, जिसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्येक विकास खण्डों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इसी तारतम्य में नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मावलीपारा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में मंडल कांग्रेस कमेटी दुधावा के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल है।

बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर के अध्यक्ष रोहिदास शोरी ने प्रत्येक बूथों में बूथ कमेटी एवं पंचायत स्तर पर पंचायत कांग्रेस कमेटी बनाई जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रभारी संग्राम नेताम एवं शिवा जुर्री ने बूथ कमेटी के महत्व और भविष्य में इसके परिणाम को लेकर कार्यकर्ताओं को अवगत कराया



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवनारायण कुलदीप, पूर्व जनपद अध्यक्ष, संजूलता नेताम, सुकलाल शोरी, मुकेश राय, कमलेश कोमरा, इसहाक अहमद खान, मैनूराम शोरी, कमल धुरवा, तुलसी राम नेताम, रामकिशन उइके, थानसिंह मंडावी, जगजीवन मंडावी, रेखा मरकाम, प्रेमा नेताम, प्रीति शोरी, जगदीश यादव, हरिराम कोसमा, सुमेन्द यादव, नरेन्द्र कुमार साहू, पंचायत कमेटी अध्यक्ष माखन विश्वकर्मा, चिंताराम कुमार, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

तथा भाजपा सरकार के नाकामियों को अवगत कराया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि आज देश की स्थिति भाजपा सरकार के चलते दिन ब दिन बदतर होते जा रही है। सरकार की सारी नीतियां फैल हो रही है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी जैसे योजना को बंद कर लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार छीने जा रहे है। महंगाई चरम सीमा में है। एक ओर जहां कांग्रेस पार्टी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात कर रही है वही दूसरी ओर भाजपा देश को पूंजीपतियों के हाथ सौंपने जा रही है पहले भेल, गेल जैसे राष्ट्रीय संपत्तियों को नीजि हाथों में सौंपा गया अब छत्तीसगढ़ के हसदेव पहाड़ी को भी अपने मित्र साथियों को सौंप दिया है। अतः प्रत्येक बूथों को मजबूती से जोड़कर हम कांग्रेस विचारधारा का प्रचार एवं प्रसार करें और आने वाले समय में प्रदेश और देश में कांग्रेस की सरकार बनाए। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुकलाल शोरी, शिवा जुर्री, कमल ध्रुवा एवं भोमसिंह नाग ने संबोधित किया।

## प्रदेश महामंत्री ने कहा-जिलाध्यक्ष ही पूरी जानकारी देने के लिए सक्षम

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष के इस्तीफे का खुलासा एक माह तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले की राजनीति में अचानक हलचल तब तेज हो गई, जब एक महीने पुराना इस्तीफा का मामला सामने आया। हैरानी की बात यह रही कि इतने महत्वपूर्ण पद से दिए गए इस इस्तीफे की भनक तक किसी स्थानीय कार्यकर्ताओं और मीडिया को नहीं लगी। प्रदेश स्तर तक फोन की घंटियां घनघनाने लगीं और जवाबदेही तय करने की कोशिश शुरू हुई।

जिले में भाजपा की राजनीति इन दिनों एक अनोखे घटनाक्रम को लेकर चर्चा में है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश चौहान द्वारा दिए गए इस्तीफे का मामला करीब एक माह तक पर्दे के पीछे दबा रहा। जानकारी के अनुसार ब्रजेश चौहान ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए मार्च माह के प्रथम सप्ताह में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इस इस्तीफे की सूचना न तो आम कार्यकर्ताओं तक पहुंची और न ही संगठन के भीतर इसकी कोई औपचारिक चर्चा सामने आई। करीब एक माह तक यह मामला पूरी तरह से गोपनीय बना रहा। न तो किसी बैठक में इसका जिक्र हुआ और न ही किसी पदाधिकारी ने इसकी पुष्टि की। जैसे ही यह खबर धीरे-धीरे बाहर निकलनी शुरू हुई, जिले की राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई।



### एक माह बाद नहीं लिया जा सका निर्णय

भाजपा के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों ने यह स्वीकार कर लिया कि एक माह पहले परिवारिक कारणों से इस्तीफा दिया गया था। इस्तीफा के स्वीकार करने व नहीं करने का निर्णय एक माह बाद भी नहीं लिया जा सका। इस्तीफा स्वीकार करने की बात पर जिम्मेदारों ने मौन साध लिया। इस्तीफा स्वीकार करने के लिए किस स्तर का पदाधिकारी सक्षम है, यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते सही तस्वीर सामने नहीं आ पा रही है। बाजर में यह भी चर्चा है कि पार्टी के द्वारा ठोस निर्णय नहीं लिए जाने से पार्टी की गरिमा पर भी प्रभाव पड़ रहा है।



कार्यकर्ताओं के बीच सवाल उठने लगे कि आखिर इतने बड़े पदाधिकारी के इस्तीफे को आखिर क्यों छुपाया गया। राजनीतिक गलियारों में चली हलचल को जानने के लिए हरिभूमि ने जिला से सही जानकारी नहीं मिलने पर प्रदेश पदाधिकारी से संवाद किया, उसके बाद हडकंप सा मच गया। **जिलाध्यक्ष ही पूरी जानकारी देंगे :** हरिभूमि ने इस मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से बातचीत किया, उन्होने बताया कि इस्तीफा आ गया है और विस्तृत जानकारी प्रदेश महामंत्री संगठन नवीन मारकंडे आपको उपलब्ध करवा देंगे। प्रदेश महामंत्री संगठन नवीन मारकंडे से इस विषय पर बात किया तो उन्होने कहा कि यह जिले का मामला है और जिलाध्यक्ष पूरी जानकारी दे देंगे। मैने उनको निर्देशित किया है, वहीं पूरी जानकारी देंगे।

**एक माह पहले मिला था इस्तीफा :** भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने इस विषय पर बताया कि मार्च माह के प्रथम सप्ताह में जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश चौहान ने इस्तीफा सौपा था, उनसे यह जानना चाहा कि किस तारीख को इस्तीफा आया, उन्होने कहा कि तारीख याद नहीं है। इस्तीफा में उल्लेखित था कि मेरी पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने के चलते पार्टी कार्य में समय नहीं दे पाऊंगा, इसलिए मुझे उपाध्यक्ष पद से भारमुक्त किया जाए।

## गांव चलो अभियान : कांग्रेस की हुई बैठक व बूथ कमेटी गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कांग्रेस पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत जिले में संगठन को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कांकेर के भानुप्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत मंडल क्षेत्र के पोलिंग बूथ बसन्त नगर, नारायणपुर 2 में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करना और आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ कमेटी का गठन करना था।

बैठक में इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, प्रदेश प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह ठाकुर, किसान नेता मुकेश चंद्राकर, वरिष्ठ नेत्री रुकशाद खान सहित कई प्रमुख नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, जमीनी स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।

नेताओं ने कहा कि गांव चलो अभियान का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करने की दिशा में कार्य करना है। बैठक के दौरान बूथ कमेटी का विधिवत गठन किया गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर उदय सिंह, रूपेश नरेटी, वेदिका निषाद, ललिता नुरेटी, विषम यादव, नागेश यादव, मानिक सोरी, भावेश मंडावी, अर्जुन पटेल, विक्की यादव, संतोषी नागवंशी, रेखा सिन्हा, होमप्रताप साहू, फिरोज खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल अंचल में भीषण गर्मी पारा 38 डिग्री के पार, बढ़ी परेशानी



**दुर्गुकोंदल ।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दुर्गुकोंदल सहित आसपास के पूरे अंचल में तापमान लगातार 36 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे लोग दिन और रात दोनों समय राहत नहीं महसूस कर पा रहे हैं।

तेज धूप और गर्म हवाओं ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। दिन के समय बाहर निकलना लोगों के लिए मुश्किल हो गया है, वहीं घर के अंदर भी उमस और गर्मी के कारण चैन नहीं मिल रहा है। गर्म हवाएं मानो लपटों की तरह महसूस हो रही हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 5 से 7 दिनों तक मौसम में किसी प्रकार के विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। यानी लोगों को अभी और कुछ दिनों तक इसी तरह की भीषण गर्मी झेलनी पड़ सकती है। इससे आमजन के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए शासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे ने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाना है। उन्होंने बताया कि लू के लक्षणों में सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना और बेहोशी शामिल हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत सावधानी बरतना आवश्यक है। बचाव के लिए सलाह दी गई है कि अत्यधिक आवश्यक न हो तो घर से बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर और कान को कपड़े से ढककर निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अधिक समय तक धूप में रहने से बचें। गर्मी के मौसम में हल्के और सूती कपड़े पहनना चाहिए, जिससे शरीर को आराम मिले और पसीना आसानी से सूख सके। डॉक्टरों ने यह भी सुझाव दिया है कि अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल, लस्सी, मट्ठा या फल का रस लें। यदि किसी को चक्कर, उल्टी या तेज बुखार की शिकायत हो तो तुरंत छायादार स्थान पर विश्राम करें और नजदीकी अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर उचित उपचार लें।

### पेंशनर्स संघ की बैठक 5 को सम्मान समारोह पर होगी चर्चा

भानुप्रतापपुर। पेंशनर्स संघ भानुप्रतापपुर की आगामी मासिक बैठक 5 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा उसके सुचारू संचालन के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। वर्तमान समय में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई है, ताकि सभी सदस्यों के विचारों और सुझावों के आधार पर एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जा सके। बैठक का एक प्रमुख विषय कोटक महिन्द्रा बैंक द्वारा प्राप्त प्रस्ताव भी रहेगा, जिसमें सेवानिवृत्त पेंशनर्स साथियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित करने की बात कही गई है। इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

## किसानों के मुद्दों पर मोर्चा ने कृषि मंत्री से की चर्चा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के किसानों की समस्याओं और कृषि विकास से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने राजधानी दिल्ली स्थित कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं पंचायत राज्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर राज्य के किसानों की स्थिति, चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा कियाछत्तीसगढ़ के किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे कृषि उत्पादन, समर्थन मूल्य, सिंचाई



व्यवस्था, ग्रामीण विकास योजनाएं और किसानों की आय बढ़ाने के उपाय पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की जमीनी समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग और सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई। केंद्रीय मंत्री ने भी किसानों के हित में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।


उन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। यह मुलाकात राज्य के किसानों के लिए उम्मीद की नई किरण मानी जा रही है, जिससे आने वाले समय में कृषि क्षेत्र में ठोस सुधार और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की संभावना बढ़ गई है।

## रेडियम जैकेट, बेटन और शोल्डर लाइट से सड़कों पर बढ़ेगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में जिले के सभी थाना और चौकी स्तर पर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को आधुनिक सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

आयोजित अभियान के तहत रेडियम पट्टी युक्त जैकेट, बेटन लाइट और सोल्डर लाइट जैसे महत्वपूर्ण



उपकरण पुलिस जवानों को उपलब्ध कराए गए हैं। इन उपकरणों का उद्देश्य न केवल पुलिसकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी सुरक्षित यातायात वातावरण तैयार करना है। रेडियम जैकेट के माध्यम से रात्रि या कम दृश्यता की स्थिति में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी दूर से ही स्पष्ट नजर आएंगे, जिससे वाहन चालकों को समय रहते सतर्क होने का मौका मिलेगा। वहीं बेटन लाइट का उपयोग कर पुलिसकर्मी वाहन चालकों को रुकने, आगे बढ़ने या दिशा बदलने के स्पष्ट संकेत दे सकेंगे, जिससे ट्रैफिक नियंत्रण अधिक प्रभावी होगा। सोल्डर लाइट चेकिंग के दौरान बेहतर रोशनी प्रदान कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में सहायक सिद्ध होगी।

कांकेर पुलिस की यह पहल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, रात्रिकालीन ड्यूटी को सुरक्षित बनाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में अहम मानी जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय सतर्क रहें, रात्रि में हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करें और पुलिस द्वारा दिए गए संकेतों का गंभीरता से पालन करें। यह सामूहिक प्रयास ही सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था का आधार बनेगा।

# तेलावट में हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**धनेलीकन्हार ।** विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम तेलावट में हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए। उन्होंने हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से गांव के सभी वर्गों और आयु के लोग एक मंच पर एकत्रित होते



हैं, जिससे आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जहां आपसी विश्वास और प्रेम होता है, वहां शांति स्वतः स्थापित होती है। विधायक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार के युवा, युवतियों और बच्चों को ऐसे आयोजनों में अवश्य शामिल करें, ताकि आने वाली पीढ़ी हमारी संस्कृति और पूजा-पद्धति को समझे और उसका पालन करे। इस दौरान उन्होंने हनुमान भक्तों की मांग पर मंदिर परिसर में शीघ्र ही टिन शेड निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया और साथ ही उन्होंने रजमन सलाम के चारों दिव्यांग पुत्रों को शासन-प्रशासन से आवश्यक सहयोग दिलाने की बात कही। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच एवं अजजा मोर्चा जिला मंत्री लक्ष्मी चिराम तथा पूर्व सरपंच सियाराम सलाम ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सितम्ब कावड़े, पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, जिला युवा मोर्चा मंत्री विवेक गुप्ता, युवा मोर्चा शहर महामंत्री प्रशांत यादव, शहर मंडल युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कबीर बनकर, मंडल महामंत्री अशोक कचलाम, पारस टावरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित टावरी, जनपद सदस्य एवं युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नीतेश सलाम, उपसरपंच नम्मू खरे, युवा मोर्चा मंत्री हर्ष चुरेंद्र, मनोज जैन, रवि जैन, सगाउ निषाद, क्रांति साहू सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
**रामेश्वरम् धाम यात्रा**
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति**
संपर्क करें:-7354-411411